# लहार में किसानों पर लाठीचार्ज, कई घायल

## खाद लेने सोसायटी पर पहुंचे थे

नवभारत न्यूज

**भिंड. लहार कस्बे में सोमवार को सहकारी समिति से खाद लेने पहुंचे किसानों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया. इससे 3 से 4 किसान घायल हो गए. लाठीचार्ज से नाराज किसानों ने विरोध शुरू कर दिया.**

जानकारी लगते ही लहार विधायक अंबरीश शर्मा मौके पर पहुंचे और अन्नदाता का पक्ष लेते हुए प्रशासन से सख्त लहजे में बात की. वहीं, भिंड एसपी असित यादव ने दोषी प्रधान आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया. सोमवार को तीन दिन की छुट्टी के बाद जिलेभर की सहकारी समितियां खुलीं. लहार की वृहत्ताकार समिति पर सुबह से किसान खाद लेने पहुंच गए थे. दोपहर बाद



व्यवस्था बिगड़ गई. कर्मचारी वितरण संभालने में नाकाम रहे. भीड़ बढ़ने पर समिति प्रबंधन ने पुलिस को बुलाया. किसानों को बैठने को कहा, नहीं मानने पर लाठियां चलाई किसान धूप और उमस में लंबे समय से खड़े थे. पुलिस ने आदेश दिया कि सभी जमीन पर बैठ जाएं. किसानों ने इसका विरोध किया तो लहार थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक रामराज सिंह गुर्जर ने लाठीचार्ज कर दिया. इससे किसानों में हड़कंप मच गया.

### लहार के टीआई हटाए गए

किसानों पर लाठीचार्ज की घटना को लेकर व्याप्त जन असंतोष को देखते हुए लहार के थाना प्रभारी रविन्द्र शर्मा को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया गया है। उन्हें लाइन अटैच करते हुए लहार थाना से भिण्ड पुलिस लाइन भेज दिया गया है। लाठीचार्ज की खबर लगते ही लहार विधायक अंबरीश शर्मा को किसानों ने फोन किया. भिंड एसपी असित यादव ने मामले को गंभीरता से लिया और प्रधान आरक्षक रामराज सिंह गुर्जर को लाइन अटैच कर दिया. उन्होंने कहा कि किसानों की सुरक्षा और सुविधा प्रशासन की पहली प्राथमिकता है .किसानों ने कहा कि हम सुबह से भूखे-प्यासे लाइन में खड़े थे. फसल बोने का समय निकल रहा है. खाद नहीं मिल रही और ऊपर से पुलिस हमें पीट रही है. सरकार किसानों को मदद देने के बजाय मुसीबत में डाल रही है.

# ट्रेलर की चपेट में आने से युवक की मौत

- दुद्धिचुआ कोयला खदान में दर्दनाक हादसा
- मृतक की पहचान नहीं हो सकी, शवगृह में रखा गया

**शक्तिनगर, 8 सितंबर. एनसीएल दुद्धिचुआ कोयला खदान परिसर में आज सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक युवक की मौत हो गई. यह हादसा दोपहर करीब 2 बजे एक ट्रेलर की चपेट में आने से हुआ. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया, हालांकि मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है.**

शव को एनटीपीसी शक्तिनगर के संजीवनी चिकित्सालय के शवगृह में रखवा दिया गया है. हादसा दुद्धिचुआ खदान क्षेत्र में स्थित कोल डिस्पैच बैरियर के पास हुआ, जहां ट्रक ट्रेलरों का पार्किंग स्थल है. बताया जा रहा है कि एक ट्रेलर चालक अपने वाहन को पीछे कर रहा था, इसी दौरान लगभग 22 वर्षीय युवक उसकी चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई.

### सुरक्षा नियमों की अनदेखी



घटना की सूचना पर कोल प्रबंधन के अधिकारियों में हड़कंप मच गया. घटना स्थल पर बड़ी संख्या में ट्रक ट्रेलर चालक, संविदा कर्मचारी और अन्य लोग जमा हो गए. कर्मियों ने इस हादसे के लिए सुरक्षा नियमों की अनदेखी को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया. पुलिस के पहुंचने पर यह पाया गया कि ट्रेलर के पहिए के नीचे आने से युवक का शरीर इस कदर कुचल गया था कि उसकी पहचान करना बेहद मुश्किल हो गया था. इस घटना ने कोल प्रबंधन की लापरवाही को भी उजागर किया, क्योंकि अधिकारी यह बता पाने में विफल रहे कि मृतक कौन था और वह बिना पहचान पत्र के प्रतिबंधित क्षेत्र में कैसे पहुंचा. शक्तिनगर के प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है और ट्रेलर को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है.

# संपत्तिकर जमा न करने पर कंपनियों को नोटिस

### सिंगरौली नगर निगम की सख्ती, समय पर भुगतान न करने पर होगी संपत्ति कुर्क

**सिंगरौली 8 सितंबर. नगर पालिक निगम सिंगरौली की आयुक्त सविता प्रधान के निर्देशानुसार, डिप्टी कमिश्नर एवं राजस्व अधिकारी आरपी बैस द्वारा संपत्ति कर जमा नहीं करने पर सिक्कल लॉजिस्टिक्स, डीबीएल सहित आठ कंपनियों को अंतिम चेतावनी नोटिस जारी किया गया है.**

उपायुक्त ने कहा कि यदि कंपनियां निर्धारित समयावधि में निगम के करों का भुगतान नहीं करती हैं, तो उनकी चल-अचल संपत्ति को कुर्क कर बकाया राशि



की वसूली की जाएगी. उपायुक्त बैस ने जिन कंपनियों को नोटिस जारी किया है, उनमें डीबीएल कंपनी पर 4 लाख 25 हजार 455 रुपये, सिक्कल लॉजिस्टिक्स पर 8 लाख 72 हजार 328 रुपये, कलिंगा कॉमर्शियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड पर 2 लाख 67 हजार 236 रुपये, वीपीआर कंपनी पर 6 लाख 11 हजार 955 रुपये, भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड पर 3 लाख 39 हजार 509 रुपये, राम कृपाल कंपनी पर 2 लाख 26 हजार 25 रुपये, और कंडोई ट्रांसपोर्ट कंपनी पर 12 लाख 81 हजार रुपये का बकाया है. उन्होंने स्पष्ट किया है कि नोटिस और पर्याप्त समय देने के बावजूद इन कंपनियों ने अभी तक भुगतान नहीं किया है. उन्हें यह अंतिम मौका दिया जा रहा है.

यदि वे शीघ्र ही कर राशि जमा नहीं करते हैं, तो निगम प्रशासन उनकी चल-अचल संपत्तियों को कुर्क करने की कार्रवाई करेगा. उन्होंने यह भी कहा कि शहर के विकास कार्यों में बाधा डालने वालों के खिलाफ अब किसी भी स्तर पर नरमी नहीं बरती जाएगी. उपायुक्त ने आम करदाताओं से भी अपील की है कि वे समय पर अपने कर अदा कर नगर के विकास में सहयोग करें.

# खेत में काम कर रहे युवक पर बाघ ने किया हमला

**छिंदवाड़ा, 8 सितंबर. जिला अस्पताल में दवाइयों की उपलब्धता का दावा करने वाले प्रबंधन की पोल खुल गई है। रविवार की रात 9 बजे बाघ के हमले में घायल युवक जिला अस्पताल पहुंचा.**

उसे दो घंटे बाद इंजेक्शन मिला. इस दौरान वह दर्द से कराहता रहा. दो घंटे बाद इंजेक्शन लगने के बाद उसे दर्द से राहत मिली. रविवार की शाम खेत में काम करने के दौरान एक युवक पर बाघ ने हमला कर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. उसके साथी ने शोरगुल किया, जिसके बाद बाघ वहां से भाग निकला. घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसका इलाज किया जा रहा है. यह घटना बिछुआ थाना क्षेत्र के टाइगर रिजर्व के समीप गुमतरा गांव की है। ग्रामीण दिलीप उइके ने बताया कि गुमतरा-अंबाड़ी का रहने वाला संजू पिता सुमरलाल इवनाती (26 वर्ष) रविवार की शाम अपने खेत पर काम कर रहा था. उसके साथ उसके चचेरे भाई मुकेश भी मौजूद थे. इसी दौरान अचानक बाघ ने संजू पर हमला कर दिया. दोनों युवकों ने हिम्मत दिखाते हुए बाघ का मुकाबला किया. कुछ देर बाद बाघ वहां से भाग निकला. इस घटना में संजू के सिर और कंधे में गंभीर चोटें आई हैं.

# मूंग-उड़द की खरीदी में धांधली, केस दर्ज

### 1.86 करोड़ रुपये की धांधली, समिति प्रबंधक व बैंक अधिकारी शामिल

### बसेड़ी सोसायटी के एमएलटी वेयरहाउस उपार्जन केंद्र का मामला

### जिला स्तरीय जांच दल ने उजागर की 2,187 क्विंटल अनियमितता

**जबलपुर, 8 सितंबर. बसेड़ी सोसायटी के एमएलटी वेयर हाउस स्थित उपार्जन केंद्र में मूंग और उड़द की खरीदी में धांधली के मामले में दस व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है.**

जांच के आधार पर जिन व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है, वे हैं- समिति प्रबंधक कमल सिंह ठाकुर, कंप्यूटर ऑपरेटर राजपाल सिंह, अतिरिक्त ऑपरेटर दीपेंद्र सिंह ठाकुर, प्रभारी शाखा प्रबंधक अजय तिवारी, अंकित सिंह उर्फ राजशेखर, शंभु ठाकुर, बिंदुखराय, सर्वेयर रोहित यादव और देवेंद्र यादव, और एमएलटी वेयरहाउस मजीठा के संचालक आदेश तिवारी. इन सभी पर कूट रचित दस्तावेजों का उपयोग कर स्वयं के लाभ के लिए प्रयास करने का आरोप है, जिससे कुल 18663188 रुपये की आर्थिक क्षति हुई है.

कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर सहायक संचालक कृषि रवि आम्रवंशी ने भेड़ाघाट थाने में एफआईआर दर्ज कराई. इस मामले में समिति प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर, सर्वेयर, केंद्रीय सहकारी बैंक शहपुरा के शाखा प्रबंधक और गोदाम संचालक शामिल हैं. इन सभी पर अवैध लाभ कमाने की नियत से धोखाधड़ी और षडयंत्र कर किसानों और शासन को आर्थिक नुकसान पहुँचाने का आरोप है. इस धांधली का खुलासा तब हुआ जब जिला स्तरीय जांच दल की जांच में ऑनलाइन दर्ज खरीदी से 1.86 करोड़ रुपये की 2 हजार 187 क्विंटल मूंग और उड़द कम पाई गई.

# अदालत में गवाही देने आए युवक की पिटाई

**इंदौर 8 सितंबर.** न्यायालय में अपने जीजा के खिलाफ बयान देना एक युवक को महंगा पड़ गया. आरोप है कि बयान से नाराज होकर साले और उसके एक साथी ने युवक को फोन करके बुलाया और फिर गाली-गलौज करते हुए उसकी बुरी तरह पिटाई कर दी. यह घटना चंदन नगर थाना क्षेत्र की है. राजनगर निवासी युवक ने अपनी शिकायत में बताया कि दोपहर को उसे फोन कर बीएनडीएन गैरेज के पास बुलाया गया. जब वह वहाँ पहुँचा, तो उसके दो परिचित लोग उस पर गाली-गलौज करने लगे. जब युवक ने इसका विरोध किया, तो दोनों ने मिलकर उसे हाथ और मुक्कों से मारा.

# खेल मैदान में गिरी बिजली, छात्र की मौत

### घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज जारी

**चितरंगी 8 सितंबर. स्थानीय विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खटाई के खेल मैदान में आज सोमवार की दोपहर करीब 1.30 बजे मध्यावकाश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक छात्र की दर्दनाक मौत हो गई.**

वहीं एक छात्रा व एक छात्र समेत दो बच्चे घायल हो गए. घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चितरंगी में चल रहा है. जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब 1.30 बजे विद्यालय का मध्यावकाश हुआ था. तभी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खटाई के खेल मैदान में छात्र-छात्राएं खेल रहे थे. इसी दौरान अचानक मौसम बिगड़ गया और चमक-गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरी. मैदान में खेल रहे 11वीं कक्षा के छात्र नमन गुप्ता (16) की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. वहीं कक्षा 9वीं की छात्रा अफरीदी (14) और छात्र राजेश साहू (14) झुलस गए.

घायल छात्र-छात्राओं को स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चितरंगी में भर्ती कराया गया, जहां दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है, लेकिन डॉक्टरों के अनुसार नियंत्रण में है.

### पिता का पहले ही उठ गया था साया


नमन अपने दो भाइयों में सबसे छोटा था. उसके पिता का निधन कुछ साल पहले ही हो गया था. नमन और उसके बड़े भाई की परवरिश उसकी मां कर रही थीं. बताया जा रहा है कि दोनों भाई खटाई कस्बे में चाट और गोलगप्पे का ठेला लगाकर परिवार की मदद करते थे और साथ में पढ़ाई भी करते थे. दोनों भाई पढ़ने-लिखने में होशियार और संस्कारी भी थे. नमन का बड़ा भाई प्रांजल गुप्ता आईटीआई में पढ़ाई कर रहा है.

# ट्रांसपोर्टरों की बैठक में दुर्घटनाओं पर कड़ा रुख

- ओवरलोड और ओवरस्पीड वाहनों पर होगी कार्रवाई
- कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक और कलेक्टर की मौजूदगी में हुई अहम बैठक

**सिंगरौली 8 सितंबर. कलेक्ट्रेट सभागार में आज सोमवार को विधायक रामनिवास शाह की विशेष उपस्थिति और कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला की अध्यक्षता में ट्रांसपोर्टरों की एक अहम बैठक आयोजित हुई.**

इस बैठक में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाने के तरीकों पर विशेष रूप से चर्चा कर समीक्षा



की गई. बैठक में सड़क सुरक्षा निधि के संबंध में चर्चा की गई और यह निर्णय लिया गया कि एमएसएमई मद बनाकर राशि जमा कराई जाए, ताकि आकस्मिक घटनाओं सहित अन्य स्थितियों में संबंधित व्यक्तियों को राहत राशि प्रदान की जा सके. इसके अलावा, जिले की सुरक्षा गतिविधियों की निगरानी पर भी चर्चा हुई. कलेक्टर ने कोल कंपनियों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने कोल परिवहन के लिए अलग से सड़क मार्ग का निर्माण कराएं, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके.

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोल का परिवहन शासन की सड़कों से किया जाता है और वे क्षतिग्रस्त होती हैं, तो उनका सुधार करना कंपनियों की जिम्मेदारी होगी. किसी भी प्रकार की घटना होने पर संबंधित कोल परिवहन कंपनी को ही जिम्मेदार माना जाएगा. कलेक्टर ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण ओवर-स्पीडिंग, कॉन्वॉय के माध्यम से परिवहन न करना, निर्धारित रूट पर न चलना और नशे की हालत में ड्राइविंग करना पाया है. वे अपने ड्राइवरों का स्वास्थ्य परीक्षण कराएं.

# संयुक्त टीम ने अवैध नर्सिंग होम एवं क्लीनिक को किया सील

**सीधी 8 सितंबर. स्वास्थ्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने आज छापामार कार्रवाई करते हुए मझौली नगर में संचालित अवैध नर्सिंग होम और कुशमी तहसील के उमरिया में संचालित अवैध क्लीनिक को सील कर दिया.**

टीम ने मझौली के मेन मार्केट में कई वर्षों से संजीवनी मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहे मिनी नर्सिंग होम के 8 कमरों को सील किया। इसी तरह, उमरिया (कुसमी) में एक बंगाली डॉक्टर द्वारा कई वर्षों से एक साधारण घर में अवैध क्लीनिक संचालित कर लोगों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा था। कुछ दिन पहले यह मामला सुर्खियों में आया था, जिसके बाद वहां भी छापेमारी कर क्लीनिक को सील कर दिया गया. स्वास्थ्य एवं राजस्व विभाग की इस संयुक्त छापेमारी से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जैसे ही मझौली में मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहे मिनी नर्सिंग होम पर कार्रवाई की खबर फैली, अन्य कई क्लीनिक जो इसी तरह अवैध रूप से संचालित हो रहे थे, उनके संचालक व झोलाछाप डॉक्टर दुकानें बंद कर भाग गए. कार्रवाई सीएमएचओ डॉ. बबिता खरे और एसडीएम मझौली के निर्देशन पर की. टीम में तहसीलदार दिलीप सिंह, नायब तहसीलदार वेदवती सिंह, प्रभारी मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी संदीप शुक्ला के साथ पटवारी और पुलिस भी शामिल रही.

# जिला अस्पताल में खरीदी में अनियमितता

## कलेक्टर ने डीजल खर्च पर सीएमएचओ को दिए निर्देश

**सिंगरौली 8 सितंबर. जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में वर्ष 2023 से लेकर अब तक रोगी कल्याण समिति से खर्च की गई राशि और खरीदी गई सामग्रियों में हुई अनियमितताओं का मामला अब तूल पकड़ रहा है.**

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने इसकी उच्च-स्तरीय जांच की मांग की है. वहीं, डीजल खर्च के मामले में कलेक्टर ने सीएमएचओ को जांच करने का निर्देश दिया है, हालांकि इस मामले में सीएमएचओ जवाब देने से बच रहे हैं. यह जानकारी मिली है कि जिला चिकित्सालय में पिछले दो वर्षों के दौरान रोगी कल्याण समिति की राशि में बड़े



पैमाने पर अनियमितता और बंदरबांट की चर्चाएं जोर-शोर से चल रही हैं. आरोप है कि यहाँ पर इलेक्ट्रॉनिक कलेक्टर ने डीजल खर्च पर सीएमएचओ को दिए निर्देशसमेत कई सामग्रियाँ बिना टेंडर के ही खरीदी गई हैं. सेवानिवृत्त सिविल सर्जन के कार्यकाल में उनके एक खास ऑपरेटर पर राशि की बंदरबांट करने का संदेह जताया जा रहा है.

इस मामले को लेकर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष रतिभान प्रसाद ने कहा है कि जिला चिकित्सालय में भारी भ्रष्टाचार हुआ है. उन्होंने कलेक्टर से सीएमएचओ के बजाय एक उच्च-स्तरीय जांच टीम गठित करने की मांग की है, ताकि पारदर्शिता के साथ जांच हो सके और घोटालेबाजों का पर्दाफाश हो. जिलाध्यक्ष ने यह भी मांग की है कि खर्च की गई राशि, खरीदी गई सामग्रियों की गुणवत्ता, और कराए गए टीन शेड व सीलिंग फॉल की जांच कराई जाए. सामानों की खरीद के लिए कोटेशन कहां से लिया इसकी जांच होनी चाहिए.

# आबकारी की कार्रवाई शराब और वाहन जब्त

**इंदौर 8 सितंबर.** आबकारी विभाग ने रविवार को अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की. टीम ने दो स्थानों से लगभग 1 लाख 80 हजार रुपए कीमत की अवैध शराब बरामद की और एक आरोपी को गिरफ्तार किया. यह कार्रवाई मुखबिरों से मिली सूचना पर की गई. पहले मामले में, आबकारी विभाग की टीम ने एमपी-09 एसके-0866 नंबर के दोपहिया वाहन से विदेशी शराब की पेटी जब्त की. मौके से वाहन पर शराब ले जा रहे आरोपी सूरज चौहान को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है. इस ऑपरेशन में आबकारी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई.

# छात्रावास में 11वीं के छात्र का शव संदिग्ध हालात में मिला

**झाबुआ, 8 सितंबर. स्थानीय बस स्टैंड के पीछे जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सीनियर बालक छात्रावास क्रमांक-5 में 8 सितंबर को एक छात्र का शव उसके कमरे के अंदर पंखे से लटका मिला.**

घटना की सूचना मिलने पर छात्रावास अधीक्षक द्वारा पुलिस और प्रशासन को सूचित किया गया. अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की, कमरे का दरवाजा तोड़ा और शव को बाहर निकालकर एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय पहुंचाया. शाम को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. मृतक छात्र की पहचान रामा विकासखंड के ग्राम बोचका निवासी 17 वर्षीय करण पिता वीरेंद्र भाबोर के रूप में हुई है, जो झाबुआ के शासकीय सांदिपनि उत्कृष्ट उमा विद्यालय में कक्षा 11वीं का छात्र था और इसी छात्रावास में रहता था. वह 4 सितंबर को स्कूल और हॉस्टल से छुट्टी लेकर अपने घर गया था और रविवार की शाम को ही छात्रावास लौटा था. रात में उसने छात्रावास में नाश्ता और भोजन भी नहीं किया. जब वार्डन ने उससे खाने के बारे में पूछा तो उसने बताया कि वह घर से खाकर आया है. सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे तक जब वह अपने कमरे से बाहर नहीं आया, छात्रावास अधीक्षक रमसू अमलियार को संदेह हुआ.

# नदी से रेत का अवैध परिवहन, ट्रैक्टर जप्त

- जियावन पुलिस ने की कार्रवाई, चालक फरार
- एक ट्रैक्टर पंजीकृत, दूसरा बिना नंबर का मिला

**सिंगरौली 8 सितंबर. जियावन थाना क्षेत्र में एसडीओपी की देखरेख में हुई कार्रवाई में महान नदी से रेत का अवैध परिवहन करते दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को रात्रि गश्त के दौरान एसडीओपी देवसर गायत्री तिवारी को मुखबिर से सूचना मिली कि महान नदी से अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा है. सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए जियावन



पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दो ट्रैक्टरों को जब्त किया. इनमें एक नीले रंग का पावरट्रैक कंपनी का ट्रैक्टर (क्रमांक एमपी 66 जेडए 5154) था और दूसरा बिना नंबर का नीले रंग का चैंपियन फार्म ट्रैक ट्रैक्टर, दोनों की ट्रॉलियों में अवैध रेत भरी हुई थी. दोनों ट्रैक्टरों के चालक पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गए.

पुलिस ने जप्त किए गए वाहनों के संबंध में जियावन थाने में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है. इस मामले में धारा 303(2), 317(2) बीएनएस और खान एवं खनिज अधिनियम की धारा 4/21 के तहत जांच शुरू कर दी गई है. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी डॉ. ज्ञानेन्द्र सिंह, एसआई वाईएल वर्मा, आरक्षक दिनेश कुमार, बबलू यादव और डायल-100 की टीम की अहम भूमिका रही.

बीमारी

स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, 2 मरीज जिला अस्पताल रेफर

# टमसार टोला में उल्टी- दस्त का प्रकोप, 22 लोग प्रभावित

**सीधी/कुसमी, 8 सितंबर. जिले में कुसमी ब्लॉक के टमसार गांव के बैगान टोला में उल्टी-दस्त के प्रकोप के कारण 3 दिनों के भीतर 22 लोग इसकी चपेट में आ गए हैं. इन सभी का उपचार टमसार के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला चिकित्सालय सीधी में चल रहा है.**

4 सितंबर को जहां 1 व्यक्ति इस बीमारी की चपेट में आया, वहीं दूसरे दिन 5 सितंबर को 4, तीसरे दिन 6 सितंबर को 5 और 7 सितंबर को एक साथ 8 लोग संक्रमित हुए. 8 सितंबर को 4 और मरीज मिले, जिससे 3 दिनों



में कुल 22 लोग संक्रमित हो गए. 20 लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टमसार में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद वे अब स्वस्थ हैं. वहीं, 2 लोग ज्यादा गंभीर थे, जिन्हें सोमवार को सीधी जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है.

स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ टमसार सरपंच मकरंद सिंह उइके और ग्रामीण रामबहादुर प्रजापति ने मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में मदद की. जो दवाएं सरकारी अस्पताल में उपलब्ध नहीं थीं, सरपंच ने उन्हें निजी क्लीनिक से खरीदकर मरीजों का इलाज करवाया. सरपंच श्री उइके ने 20 मरीजों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टमसार और 8 सितंबर को 2 मरीजों को जिला चिकित्सालय तक पहुंचाया. साथ ही, सरपंच ने कुएं में ब्लीचिंग पाउडर भी डलवाया ताकि संक्रमण को रोका जा सके. उल्टी-दस्त की चपेट में आए मरीजों में राजेश कुमार बैगा (27 वर्ष), मीना बैगा (17 वर्ष), सतकली बैगा (24 वर्ष), अंशू सिंह पठारी (ढाई वर्ष), मुन्नीबाई बैगा (42 वर्ष), फूलबाई बैगा (20 वर्ष), राजकुमारी बैगा (21 वर्ष), निर्मला बैगा (8 वर्ष), विश्वनाथ बैगा (28 वर्ष), सितारा बैगा (12 वर्ष), धर्मराज बैगा (27 वर्ष), आशादेवी बैगा (22 वर्ष), फूलबाई बैगा (25 वर्ष), इंद्रनिया बैगा (35 वर्ष), मोनिका पठारी (12 वर्ष), श्यामकली बैगा (28 वर्ष), सीताराम बैगा (27 वर्ष), अशोक कुमार बैगा (10 वर्ष), फुलमतिया बैगा (12 वर्ष), रोशनी बैगा (8 वर्ष), उषादेवी बैगा (22 वर्ष), आरती सिंह (पठारी, 22 वर्ष) आदि शामिल हैं.